UP Chief Minister Yogi Adityanath will be meeting RSS Chief Mohan Bhagwat at RBS Engineering Technical Campus Bichpuri Agra



मिशन 2019: ताजनगरी में मिलेंगे भागवत- योगी

आगरा | राजकुमार शर्मा
raj.sharma2@livehindustan.com

होगा मंथन

- बरसाने में फाग खेलने जाने से पहले संघ प्रमुख से मिलने आएंगे सीएम योगी
- गेस्ट हाउस के बंद कमरे में तय होगा यूपी में आगे की राजनीति का रोडमैप

> मुख्यमंत्री 24 को मथुरा जाने से पहले यहां संघ प्रमुख से मिलने आएंगे लेकिन अभी विधिवत कार्यक्रम नहीं आया है।
> गौरव दयाल, डीएम

ताजनगरी 23 फरवरी को एक खास मुलाकात की गवाह बनेगी। इस मुलाकात में दिल्ली फिर दोहराने पर चर्चा होगी। बात होगी इस लक्ष्य को पाने में यूपी की भूमिका पर। मौका होगा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की भेंट का। योगी बरसाने में फाग खेलने से पहले भागवत संग बंद कमरे में सूबे के राजनैतिक हालात पर मंथन करेंगे।

आरएसएस के सरसंघचालक डा. मोहन राव भागवत इन दिनों यूपी के भ्रमण पर हैं। पूर्वांचल (वाराणसी) में

आगरा पहुंच जाएंगे। यहां चार दिन बिताएंगे। 24 फरवरी को सुनारी में आयोजित समरसता संगम कार्यक्रम में हजारों स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। इत्तेफाक से इसी अवधि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मथुरा

को बरसाना की विश्व प्रसिद्ध होली का हिस्सा बनेंगे। मथुरा जाने से पूर्व सीएम योगी आरएसएस प्रमुख से मिलने आगरा आएंगे।

इस मुलाकात की पटकथा तय हो गई है। बिचपुरी में आरबीएस

हाउस में होने वाली इस मुलाकात को राजनैतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संघ का एजेंडा हिन्दुत्व है। साथ में शिक्षा-स्वास्थ्य और उद्योग की बात भी संघ करता है। योगी इसी राह पर हैं। वे संघ प्रमुख को



संघ प्रमुख भागवत आज से चार दिन आगरा में

समरसता संगम

आगरा | प्रमुख संवाददाता

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बुधवार को देर शाम यहां पहुंच जाएंगे। स्टेशन से सीधे उन्हें बिचपुरी स्थित आरबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल ले जाया जाएगा। वे चार दिन यहीं प्रवास करेंगे। सुनारी में 24 फरवरी को आयोजित होने वाले संघ के समरसता संगम कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। उसी दिन शाम को मेरठ रवाना हो जाएंगे। डीएम गौरव दयाल और एसएसपी अमित पाठक मंगलवार को आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे।

बीते दो माह से संघ और उसके सहयोगी संगठन समरसता संगम की तैयारी में लगे हैं। सुनारी में इसके लिए स्थल चयन किया गया है। प्रांत प्रचारक डा. हरीश रौतेला की अगुवाई में आयोजन स्थल पर तैयारियों को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है। बाकी के काम भी बुधवार तक निपटा लिए जाएंगे। डीएम-एसएसपी ने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मनमोहन निरंकारी, संदीप उपाध्याय, भरत शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

आज होगा संघचालकों का जमावड़ा: संघचालकों की बैठक यूं तो आरएसएस प्रमुख गुरुवार को लेंगे लेकिन वे बुधवार को ही सुनारी पहुंच जाएंगे। ब्रज प्रांत में संघचालकों की कुल संख्या साढ़े तीन सौ के करीब है। इनमें प्रांत, विभाग, महानगर, नगर और खंड संघचालक शामिल हैं। बुधवार को तैयारी बैठक का एक सत्र होगा जिसमें क्षेत्र संघचालक डा. दर्शनलाल अरोड़ा और प्रांत संघचालक डा. जगदीश वशिष्ठ मौजूद रहेंगे।

मंगलवार को आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम गौरव दयाल और एसएसपी अमित पाठक • हिन्दुस्तान

आरबीएस के बिचपुरी कैंपस के गेस्टहाउस का वह कक्ष जिसमें संघ प्रमुख ठहरेंगे।

दो मंच, चार पार्किंग बनाई

सुनारी में मुख्य कार्यक्रम 24 फरवरी को होगा। हजारों की संख्या में गणवेशधारी स्वयंसेवक एक साथ कदमताल करते नजर आएंगे। कुल 80 बीघा से अधिक के क्षेत्र को आयोजन के लिए कवर किया गया है। दो मंच बनाए गए हैं। इनमें मुख्य मंच 20 फुट चौड़ा और 30 फुट लंबा होगा। इस मंच पर संघ प्रमुख मोहन भागवत के अलावा प्रांत संघचालक डा. जगदीश वशिष्ठ और विभाग संघचालक हरीशंकर भी बैठेंगे। यह मंच 12 फुट ऊंचा होगा। इसके निकट ही करीब एक हजार फुट का दूसरा मंच होगा जो उतना ही ऊंचा होगा। इस पर करीब सौ संतों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इनमें आगरा के अलावा मथुरा-वृंदावन और बटेश्वर के संत शामिल हैं।

तैयार हुआ भागवत का कक्ष

आरबीएस के बिचपुरी कैंपस के जिस हिस्से में गर्ल्स हॉस्टल व टीचर्स के घर हैं, वहीं एक गेस्ट हाउस भी है। इसी गेस्ट हाउस के एक कक्ष में संघ प्रमुख ठहरेंगे। उस कक्ष को साफ-सफाई करके पूरी तरह तैयार कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने भी कक्ष सहित पूरे हॉस्टल परिसर के चप्पे-चप्पे का जायजा लिया।